20/12/2024

आकाशवाणी ईटानगर

विदेश मंत्रालय ने आज कहा कि भारत और चीन ने 2005 में सहमत राजनीतिक मापदंडों और सिद्धांतों के अनुसार सीमा मुद्दे के समाधान के लिए एक निष्पक्ष, उचित और परस्पर स्वीकार्य रूपरेखा की खोज करने की अपनी प्रतिबद्धता को फिर से दोहराया है। आज दोपहर नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत में मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा है कि, भारत और चीन के विशेष प्रतिनिधियों ने इस महीने की 18 तारीख को एक मुलाकात की। उन्होंने कहा कि सीमा मुद्दे के समाधान के लिए रूपरेखा पर चर्चा करने के अलावा, विशेष प्रतिनिधियों ने शांतिपूर्ण सीमा प्रबंधन के मुद्दों की भी व्यापक समीक्षा की।

0000000000000000000000000

संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान लोकसभा में चौवन प्रतिशत से अधिक कार्य-उत्पादकता दर्ज की गई, जबकि राज्यसभा में 40 प्रतिशत कार्य-उत्पादकता दर्ज की गई। संसद सत्र के समापन के बाद आज नई दिल्ली में मीडिया को जानकारी देते हुए संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि, दोनों सदनों की कार्य-उत्पादकता कम रही और सभी को इस बारे में सोचना चाहिए। उन्होंने कहा कि विपक्षी सांसदों के हंगामे के कारण दोनों सदनों की कार्य-उत्पादकता प्रभावित हुई। श्री रिजिजू ने कहा कि सत्र के दौरान लोकसभा की 20 और राज्यसभा की 19 बैठकें हुईं।

0000000000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के. टी. परनाईक ने आज दोरजी खांडू कन्वेंशन सेंटर ईटानगर में अरुणाचल प्रदेश पुलिस (एपीपी) के पुलिस अधीक्षकों और कमांडेंट्स के दो दिवसीय वार्षिक सम्मेलन के उद्‌घाटन सत्र को संबोधित किया। उन्होंने अनुशासन, कानून और व्यवस्था, स्मार्ट पुलिसिंग और नशीली दवाओं के खतरे का मुकाबला करने पर जोर दिया, साथ ही नए आपराधिक कानूनों और पुलिस कर्मियों के कल्याण पर भी चर्चा की।

0000000000000000000000000

ऑल न्यिशी यूथ एसोसिएशन - आन्या ने इस महीने की 17 से 19 तारीख तक अपर सुबनसिरी जिले के दुम्पोरिजो के अंतर्गत मारो और बारीरिजो सर्कल में तीन दिवसीय सामाजिक जागरूकता सह शिक्षा यात्रा आयोजित की। आन्या की टीम ने विभिन्न स्कूलों का दौरा कर स्कूल अधिकारियों और छात्रों से बातचीत की। आन्या के प्रेसिडेंट जामरू रुजा ने स्कूल के बुनियादी ढांचे में सुधार और बेहतर कामकाज के आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने स्थानीय विधायक रोदे बुई और जनता से इन सर्कल्स में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए बेहतर शिक्षा नीति को लागू करने में समर्थन देने की अपील करने के साथ ही अभिभावकों और छात्रों से सरकारी स्कूलों से भी शिक्षा लेने का आग्रह किया।

0000000000000000000000000

भारतीय सेना द्‌वारा आज तवांग के तेली स्थित महाबोधि सोसाइटी स्कूल के 17 छात्रों और 3 शिक्षकों के लिए भारत-तिब्बत सीमा के पास हॉली वाटरफॉल चुमी ग्यात्से पर भ्रमण का आयोजन

किया। इस भ्रमण के तहत छात्रों में उनकी समझ को और गहरा करने के उद्देश्य से इस स्थल के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व के बारे में जानकारी दी गई। इसके अलावा, छात्रों में देशभक्ति और कृतज्ञता की भावना को भी बढ़ावा देने के लिए सीमा सेना के साथ एक संवादात्मक सत्र का भी आयोजन किया गया। इस बीच, महाबोधि सोसाइटी स्कूल ने भ्रमण के लिए भारतीय सेना का आभार व्यक्त किया है।

000000000000000000000000

नॉर्थ ईस्ट काउंसिल का 72वां पूर्ण अधिवेशन आज त्रिपुरा के अगरतला में शुरू हो गया है। मुख्य कार्यक्रम कल से शुरू होगा और इसकी अध्यक्षता केंद्रीय गृहमंत्री और एनईसी के अध्यक्ष अमित शाह, पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया और राज्य मंत्री डॉ. सुकांत मजूमदार करेंगे। इस सत्र में दो एनईसी सदस्यों, आठ पूर्वोत्तर राज्यों के राज्यपालों, मुख्यमंत्रियों, मुख्य सचिवों और योजना सचिवों तथा उच्च पदाधिकारियों के साथ रणनीतिक चर्चा होगी। मुख्यमंत्री पेमा खांडू और राज्य के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के. टी परनाइक पूर्ण अधिवेशन में भाग लेने के लिए आज अगरतला पहुंच गए हैं।

0000000000000000000000

केंद्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने आज कोलकाता में कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत देश में छह लाख 30 हजार सौर कनेक्शन लगाए गए हैं। श्री जोशी ने इस योजना के कार्यान्वयन की समीक्षा के लिए पश्चिम बंगाल,

बिहार, ओडिशा, झारखंड और पूर्वोत्तर राज्यों के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक की अध्यक्षता की। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पश्चिम बंगाल सहित कुछ राज्य इस योजना को लागू करने में पिछड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि सूर्य घर योजना एक महत्वपूर्ण सरकारी योजना है और इसके तहत बिजली सस्ती पड़ती है। श्री जोशी ने सभी हितधारकों से योजना के कार्यान्वयन के लिए आवश्यक कार्य करने का आग्रह किया।

0000000000000000000000000

'परीक्षा पे चर्चा' का आठवां संस्करण अगले महीने आयोजित किया जाएगा। पंजीकरण अगले साल 14 जनवरी तक MyGov पोर्टल पर खुला रहेगा। पंजीकरण प्रक्रिया के दौरान, छात्र अपनी पसंद के प्रश्न प्रस्तुत कर सकते हैं जो वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पूछना चाहते हैं। इस बीच, शिक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा, कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के लिए मल्टीपल चॉइस क्वेशन (MCQ) प्रारूप में एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता विकसित की गई है।

0000000000000000000000000

दिल्ली विश्वविद्यालय राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप 2026 से एक वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम शुरू करेगा। इस महीने की 27 तारीख को होने वाली अकादमिक परिषद की बैठक में मसौदा प्रस्ताव पर चर्चा की जाएगी।

0000000000000000000